**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4287**
**दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**एबी पीएम-जेएवाई का कार्यान्वयन**

**4287. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत देश भर में लोगों को जारी किए गए कार्डों की राज्यवार संख्या कितनी है;
(ख) उक्त योजना के अंतर्गत अब तक लोगों के इलाज पर कितनी धनराशि व्यय की गई है;
(ग) क्या सरकार का दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्यान्वित करने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो दिल्ली में उक्त योजना को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): 14.12.2024 तक, देश भर में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत 36 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, जिनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुलग्नक** में है।

30.11.2024 तक, इस योजना के तहत 1.16 लाख करोड़ रुपये मूल्य के कुल 8.39 करोड़ अस्पताल में भर्ती को अधिकृत किया गया है।

(ग) और (घ): ओडिशा, पश्चिम बंगाल और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली इस योजना को लागू नहीं कर रहे हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य भारत के संविधान की अनुसूची सात में सूची-II (राज्य सूची) में एक प्रविष्टि है, इसलिए एबी-पीएमजेएवाई के कार्यान्वयन के बारे में अंतिम निर्णय संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के पास है।

**अनुलग्नक**

<u>एबी-पीएमजेएवाई के तहत बनाये गए आयुष्मान कार्डों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा</u>

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **बनाये गए आयुष्मान कार्डों की संख्या** |
|---|---:|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 74,635 |
| आंध्र प्रदेश | 1,55,99,566 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1,47,383 |
| असम | 1,71,90,849 |
| बिहार | 3,62,68,095 |
| चंडीगढ़ | 2,54,365 |
| छत्तीसगढ | 2,30,85,154 |
| गोवा | 84,046 |
| गुजरात | 2,64,24,204 |
| हरयाणा | 1,23,68,047 |
| हिमाचल प्रदेश | 13,51,591 |
| जम्मू और कश्मीर | 86,13,991 |
| झारखंड | 1,23,69,440 |
| कर्नाटक | 1,77,86,318 |
| केरल | 80,04,803 |
| लद्दाख | 2,02,530 |
| लक्षद्वीप | 33,546 |
| मध्य प्रदेश | 4,14,42,716 |
| महाराष्ट्र | 2,90,48,579 |
| मणिपुर | 6,38,148 |
| मेघालय | 20,23,783 |
| मिजोरम | 5,69,120 |
| नगालैंड | 7,24,899 |
| पुदुचेरी | 5,22,622 |
| पंजाब | 87,21,658 |
| राजस्थान | 2,16,52,523 |
| सिक्किम | 79,841 |
| तमिलनाडु | 77,04,348 |
| तेलंगाना | 82,58,911 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 4,39,011 |
| त्रिपुरा | 20,27,081 |
| उत्तर प्रदेश | 5,15,89,212 |
| उत्तराखंड | 58,51,051 |

टिप्पणी: ये आंकडे 14.12.2024 की स्थिति के अनुसार हैं।

*****